**दिनांक–14.01.2020 को सचिव, कृषि द्वारा कृषि निदेशालय से संबंधित सभी योजनाओं के कार्य प्रगति से संबंधित साप्ताहिक समीक्षा बैठक की संक्षिप्त कार्यवाही :–**

उपस्थिति :–यथापंजी।

सचिव, कृषि द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से विमर्श के आलोक में निम्न निर्णय लिये गये :–

(1) श्री बेंकटेश नारायण सिंह, संयुक्त निदेशक (रसायन) को निदेश दिया गया कि मानव श्रृंखला से संबंधित पत्र जो विभाग द्वारा निर्गत किया गया है, उक्त पत्र अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(2) संयुक्त निदेशक (यांत्रिकरण) कस्टम हायरिंग सेंटर में कितना खर्च हुआ है, उसका आकलन करेंगे। अगर उक्त योजना में राशि खर्च हो गयी है, तो द्वितीय किस्त की राशि की माँग करेंगे। संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण) द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही उक्त योजना की राशि पूर्ण रूप से खर्च की ली जायेगी।

(3) फसल अवशेष से संबंधित कृषि यंत्रों यथा–हैप्पी सीडर, मल्चर, सुपर सीडर, स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (SMS) आदि के संबंध में समीक्षा की गयी। ऑनलाईन डीलर का रजिस्ट्रेशन अभी तक नहीं हुआ है, जिसके चलते बिलिंग नहीं होने के कारण राशि की निकासी नहीं हो पा रही है। इस संबंध में संयुक्त निदेशक (यांत्रिकरण) को निदेश दिया गया कि अगर किसी कारणवश देरी हो रही है तो स्पष्ट रूप से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे।

प्रभारी पदाधिकारी की जिम्मेवारी होती है कि समय पर योजना की स्वीकृति हो जाए, तो उसके तहत समय पर व्यय सुनिश्चित करें। अगर कोई भी समस्या हो, तो निदेशक, कृषि से बात कर समस्या का समाधान करेंगे। निदेशक, कृषि को निदेश दिया जाता है कि उक्त योजना की गहन समीक्षा अपने स्तर से करेंगे एवं इस योजना के तहत शत–प्रतिशत लक्ष्य को हासिल कराना सुनिश्चित करेंगे।

(4) जैविक कोरिडोर योजना की स्थिति कि समीक्षा की गयी। दिनांक–13.01.2020 को भोजपुर जिला में अधोहस्ताक्षरी द्वारा किये गये समीक्षा में स्पष्ट हुआ है कि भोजपुर जिले में जैविक कोरिडोर योजना के तहत कोई भी तैयारी स्पष्ट रूप से नहीं की जा रही है। यह चिंता का विषय है। उप निदेशक, प्रक्षेत्र इस संबंध में संबंधित 13 जिले के जिला कृषि पदाधिकारी से बात कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में तीन दिनों के अंदर एक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन भी अपने स्तर से करेंगे।

(5) बैठक से श्री राजेश कुमार, नोडल पदाधिकारी, आर0क0वी0वाई0, श्री दिनेश प्रसाद, संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण एवं डॉ0 ब्रजेश कुमार, संयुक्त निदेशक (शष्य) फसल एवं प्रक्षेत्र अनुपस्थित रहने के कारण Show cause पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/–
(डॉ० एन० सरवण कुमार)
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक:–......08......../स0को0, दिनांक:–..15/01/2020

प्रतिलिपि :–निदेशक, कृषि/अपर निदेशक (शष्य)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/संयुक्त निदेशक (शष्य), फसल एवं प्रक्षेत्र/संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।